■ हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
■ प्रकाशन का 93 वां वर्ष (शताब्दी दशक)
उत्तराखण्ड संस्करण

हल्द्वानी, मंगलवार 29 जनवरी 2013

आज

पृष्ठ 12
मूल्य 3.00 रुपया

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर(झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

विनोद ऊर्जा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। स्केल संस्था के तत्वावधान में राजपुरा स्थित विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय विनोद ऊर्जा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम का शुभरंभ सोमवार को संस्था के महासचिव अरूण सिन्हा ने किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि संस्था ने पिछले 11 वर्षों से कुमाऊं क्षेत्र में सक्रिय रहकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में दस हजार से ज्यादा लोगों को लाभ मिल रहा है। साथ ही करीब 25 सौ विद्यार्थी विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा राजपुरा क्षेत्र में स्थित विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल को अपने निरीक्षण में ले लिया है। जबकि कई अन्य स्कूल भी इस प्रक्रिया में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संस्था ने कई विशेष स्कूलों में कम्प्यूटर व शिक्षण सामग्री वितरित की है। संस्था अपना दूसरा सोलर लालटेन प्रोग्राम विनोद सोलर लालटेन प्रशिक्षण दे रही है। इस प्रशिक्षण का यह नाम संस्था के दिवंगत संस्थापक विनोद कुमार कटरिया के नाम से रखा गया है। प्रशिक्षण के पहले दिन छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी गई। इस दौरान प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौतम भट्टाचार्य, प्रधानाचार्य डीएस रावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।